हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

14 श्रमिकों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम



14 बस स्टैंड व ढाबों के पास अतिक्रमण पर चला पीला पंजा



## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ की तस्करी करते चार गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में कार सवार साहिल पुत्र जोगेंद्र निवासी गांव नारा, ललीत पुत्र मुकेश, लाभसिंह पुत्र जगबीर व महाबीर पुत्र सतीश निवासी गांव सौंधापुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 370 ग्राम चरस बरादम की है। वहीं आरोपियों पर थाना औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज करवाया गया है। जबकि आरोपियों के साथियों को पकडने के लिए महाबीर को छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### मंडियों में 24459 मीट्रिक टन धान की आवक

**अंबाला।** जिले की मंडियों में धान खरीद का कार्य निरंतर चल रहा है। मंडियों में बुधवार शाम तक 4444 गेट पास काटे गए और शाम तक 24459 मीट्रिक टन की आवक हुई। इसमें से शाम तक 9179 मीट्रिक टन की खरीद हुई। अभी राइस मिलर्स के पंजीकरण नहीं हुए हैं। उसके बाद ही उठान होगा। वहीं, मंडी में धान की आवक लगातार तेज हो रही है। जिससे मंडी फुल होती जा रही है। वहीं, अभी तक राइस मिलर्स के पंजीकरण भी नहीं हुए हैं। जिससे आने वाले कुछ दिनों में धान का उठान न होने से दिक्कत आ सकती है। अभी मंडी में धान खरीद चल रही है।

### कृत्रिम होते रिश्ते, पर्व ही दिलाते हैं सुकून : चौहान

**करनाल।** नवचेतना मंच के संयोजक एवं संघर्ष की जीवंत मिसाल माने जाने वाले एसपी चौहान ने कहा कि पर्व हमारे जीवन में ऑक्सीजन का काम करते हैं। ये पर्व रिश्तों को जीवित रखने और उनमें मिठास घोलने का अवसर प्रदान करते हैं। पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में अपनापन और संजीदगी का संदेश देते हैं। जीवन में खुशियां लेने से नहीं, बल्कि देने से आती हैं।

### तीन दिवसीय उत्थान नाट्य उत्सव आज से

**कुरुक्षेत्र।** रंगमंच में 16 वर्षों से सक्रिय नाट्य दल न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप द्वारा 26 सितम्बर को 16वीं वर्षगांठ के अवसर पर तीन दिवसीय उत्थान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी ने बताया कि गत कईं वर्षों से न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप अपने वार्षिक समारोह को उत्थान उत्सव के नाम से मना रहा है।

## रादौर में श्रद्धापूर्वक मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा द्वारा वीरवार को सेवा पखवाड़ा के तहत रादौर अनाज मंडी में जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान पदयात्रा और सभा का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाग लिया।

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री के जन्मदिन के साथ साथ महापुरुषों के जन्मदिवसों के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पदयात्रा व कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि स्वदेशी वस्तुएं अपनाना आज देश की सबसे बड़ी जरूरत है। महात्मा गांधी ने अंग्रेजी शासन का विरोध करने के लिए विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया था। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वह पढ़ने लिखने में बहुत होशियार थे।

# स्वदेशी वस्तुएं अपनाना आज देश की सबसे बड़ी जरूरत : कृषि मंत्री राणा

*पंडित दीन दयाल उपाध्याय की महत्वपूर्ण योजना अंत्योदय जिसका मकसद था कि समाज के प्रत्येक वर्ग के गरीब व्यक्ति को हर योजना का लाभ मिले।*



**यमुनानगर।** रादौर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पदयात्रा में भाग लेते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### 'अंत्योदय' ने करोड़ों का संवारा जीवन

*कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार ने करोड़ों का जीवन संवारा है। उन्होंने बताया कि जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा में हुआ था। कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर 1937 में आरएसएस से जुड़े। जनसंघ की स्थापना के बाद संगठन का काम देखने के लिए उन्हें राजनीति में भेजा गया। 15 वर्ष तक महामंत्री के तौर पर काम करते हुए देश भर में जनसंघ की जड़ें मजबूत की। अंत्योदय का विचार देश को उनकी महान देन है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जन कल्याण की योजनाएं इसी विचार से प्रेरित हैं। हम सभी आज इस पावन अवसर पर उन्हें नमन करते हैं और उस महान नायक के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।*

उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा। क्योंकि छोटी आयु में ही वे उनके माता पिता का देहांत हो गया था। अनाथ होने के बाद भी उन्होंने अपने आत्मविश्वास और परिश्रम के बल पर शिक्षा प्राप्त की। उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वे साधारण परिस्थितियों में रहते हुए भी उच्च आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करते रहे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने राजनीति शास्त्र में स्नातक और अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया। शिक्षा के साथ साथ उनका झुकाव राष्ट्रीय विचारधारा और समाज सेवा की ओर भी बढ़ता गया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुडकर अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित कर दिया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की महत्वपूर्ण योजना अंत्योदय जिसका मकसद था कि समाज के प्रत्येक वर्ग के गरीब व्यक्ति को हर योजना का लाभ मिले। जिस व्यक्ति की सोच गरीब के प्रति रही हो हमें उसका जन्म दिवस अवश्य मानना चाहिए।

## राणा ने सफाई करके किया मेगा सफाई अभियान का शुभारंभ

*अधिकारियों व नागरिकों ने लिया भाग*



**यमुनानगर।** फरकपुर में सफाई करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा। *फोटो : हरिभूमि*

**यमुनानगर।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के तहत वीरवार को नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में मेगा सफाई अभियान चलाया गया। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने सफाई करके अभियान का शुभारंभ किया। सफाई अभियान में मेयर सुमन बहमनी, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हजारों लोगों ने एक साथए एक घंटे तक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। मौके पर पौधारोपण भी किया गया।

वीरवार को शहर के वार्ड नंबर 18 स्थित फरकपुर से सफाई अभियान का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सफाई करके किया। इस दौरान बच्चों ने स्वच्छता पर पेंटिंग, पोस्टर व चार्ट बनाकर लोगों को जागरूक किया। भजन मंडली के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक, गीत व हरियाणवी नृत्य कर लोगों को सफाई व स्वच्छता का महत्व बताया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि स्वच्छता से बड़ी कोई सेवा नहीं है। हम जिस तरह घर में स्वच्छता और सफाई रखते हैं। उसी तरह सार्वजनिक स्थल व बाहर भी सफाई का ध्यान रखें। कचरा फेंकने के लिए डस्टबिन का उपयोग करें। कुछ ऐसे ही उपाय अपनाकर हम न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे सकते हैं। बल्कि स्वयं को भी स्वस्थ रख सकते हैं। इसके बाद उन्होंने पार्क में पौधारोपण किया। इसके बाद वार्ड नंबर चार में कुंडी तालाब पार्क में मेयर सुमन बहमनी की आगुवाई नें सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने लोगों को सफाई करके वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए आहवान किया। इसी तरह शहर के वार्ड 7 के सेक्टर 17 स्थित हुडा मार्केट में आयोजित स्वच्छता समारोह में उपायुक्त पार्थ गुप्ता व नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सैकड़ों क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर हुडा मार्केट की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

## लापरवाही के आरोप में स्टेशन मास्टर व अधीक्षक का ट्रांसफर

*रेलवे यूनियन ने जताया विरोध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

### अधीक्षक को 10 दिन की छुट्टी पर भेजा

फिलहाल स्टेशन अधीक्षक राम को 10 दिन की छुट्टी पर भेजा गया है। मंडल रेल प्रशासन की इस कार्रवाई के खिलाफ नार्दन रेलवे मेंस यूनियन खुलकर सामने आ गई है। यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि इस पूरे मामले में स्टेशन अधीक्षक राम की कोई गलती नहीं थी। फिर भी उन्हें दंडित किया गया है। यूनियन ने डीआरएम से बातचीत भी की है और आदेश वापस लेने की मांग उठाई है। यूनियन का तर्क है कि स्टेशन अधीक्षक को बेवजह जिम्मेदार ठहराकर उनके खिलाफ अनुचित कदम उठाया गया है। कर्मचारियों का मानना है कि स्टेशन अधीक्षक पर कार्रवाई से गलत संदेश गया है।

अंबाला छावनी रेलवे जंक्शन पर लापरवाही का मामला सामने आने के बाद दो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की हुई है।

- अधिकारियों पर ट्रेन चालकों को समय पर जरूरी निर्देश न पहुंचाने का आरोप

ट्रेनों के संचालन खामी पाए जाने पर मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने स्टेशन मास्टर प्रवीन कुमार मीणा को किरतपुर साहिब और स्टेशन अधीक्षक राम को सरहिंद रेलवे स्टेशन पर ट्रांसफर किया है। अंबाला रेल मंडल के अधीन एक सेक्शन पर सुरक्षा संबंधी कार्य चल रहा था। इस दौरान ट्रेनों को 20 से 30 किमी प्रतिघंटा की गति से संचालित करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसकी जिम्मेदारी स्टेशन मास्टर प्रवीन कुमार के पास थी कि वे कॉशन से संबंधित जानकारी समय पर ट्रेनों के चालकों तक पहुंचाएं। यह व्यवस्था इसलिए बनाई जाती है ताकि चालकों को स्पष्ट निर्देश मिले और वे प्रभावित सेक्शन पर सावधानीपूर्वक और निर्धारित गति से ट्रेन चला सकें। लेकिन इस दौरान गंभीर चूक हुई। कुछ ट्रेन चालकों तक तो संदेश पहुंच गया।

### 15 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

**करनाल।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की करनाल यूनिट ने बसताड़ा टोल टैक्स, घरौंडा (जीटी रोड) के पास से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह कार्रवाई एसपी मोहित हांडा, आईपीएस के मार्गदर्शन तथा डीएसपी मनोज कुमार के निर्देशन में एसआई विनोद कुमार व टीम द्वारा की गई। आरोपी पानीपत जिले का निवासी है और उसके खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह, आईपीएस ने स्पष्ट किया कि नशे की जड़ों को खत्म करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## युवक ने यमुना में लगाई छलांग

- पुलिस ने गोताखारों के साथ नहर में चलाया सर्च अभियान, नहीं लगा युवक का सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसिक रूप से परेशान युवक ने बाड़ी माजरा पुल पर पश्चिमी यमुना नहर में छलांग लगा ली। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से नहर में सर्च अभियान चलाया। मगर नहर में डूब युवक का कोई भी सुराग नहीं लग पाया।

खबर लिखे जाने तक पुलिस गोताखोरों के साथ युवक की तलाश में जुटी थी। बाड़ी माजरा तीर्थ नगर निवासी 28 वर्षीय अमित मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। वीरवार को अमित अपने भाई के साथ दवाई लेने के लिए डॉक्टर के पास जा रहा था। जब वह बाड़ी माजरा पुल के पास पहुंचा तो अमित ने पश्चिमी यमुना नहर में छलांग लगा दी। जिससे वह पानी के तेज बहाव में बह गया। अमित के भाई ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।



**यमुनानगर।** बाड़ी माजरा पुल के पास नहर में डूबे युवक की तलाश करते गोताखोर।

## नारी सशक्तिकरण की प्रहरी भाजपा सरकार : ढांडा

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सशक्तिकरण करने की दिशा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना गरीब महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। वहीं, एक लाख तक आय वाली प्रदेश की 22 लाख महिलाओं को योजना के प्रथम चरण के तहत 2100 रूपये प्रति माह का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार की यह योजना अहम है। सरकार कि इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा, उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार आए दिन गरीब व्यक्ति को मुख्यधारा लाने के लिए अनेक योजनाएं बना रही है, इसी कडी में आज कि योजना से गरीब महिलाओ को आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पंडित दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत करके भाजपा के संकल्प पत्र किए वायदे को पूरा किया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश कि महिलाओं को उनका अधिकार मिले इसके लिए वह लगातार प्रयासरत है।

### अग्रवाल वैश्य समाज की इकाइयों का विस्तार

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा कुरुक्षेत्र की जिला इकाइयों का विस्तार किया गया है। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित संकल्प से सृजन विचार गोष्ठी कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई थी।

## यूपीआई स्कैनरों पर अज्ञात लोगों ने लगाए अपने स्कैनर

**रादौर।** रादौर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुकानों के बाहर लगे यूपीआई स्कैनरों पर अपने स्कैनर चिपकाकर हेराफेरी करने वाला गिरोह सक्रिय है।

- ग्राहकों की राशि गई अज्ञात खाते में, दुकानदारों ने की कार्रवाई करने की मांग

जिसके चलते दुकानदारों ने प्रशासन से इस संबंध में कार्रवाई करते हुए उनकी रकम वापिस दिलाने की मांग की है। रादौर के बस स्टेंड के नजदीक चाय की दुकान चलाने वाले हरीश कुमार, बीकानेर स्वीट हाउस के मालिक सुरेंद्र कुमार, फल विक्रेता दलीप कुमार आदि ने बताया कि उन्होंने ग्राहकों से भुगतान करवाने के लिए अपनी दुकानों के बाहर यूपीआई स्कैनर लगाए हुए हैं। दो दिन पहले रात के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके यूपीआई स्कैनर के ऊपर अपने स्कैनर चिपका दिए। जिस कारण बहुत से ग्राहकों द्वारा अदा की गई राशि अज्ञात लोगों के खाते में चली गई। जिस कारण उन्हें भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने इस संबंध में 112 नंबर पर पुलिस को भी सूचित कर दिया है। प्रभावित दुकानदारों ने इस बारे थाना रादौर पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिस अज्ञात व्यक्तियों के बारे में जानकारी हासिल कर उन पर कड़ी



**यमुनानगर।** रादौर में स्कैनर के ऊपर अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाया गया स्कैनर दिखाता प्रभावित दुकानदार।

### करनाल में आयोजित वोकल फॉर लोकल मेले में पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल

# विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी को अपनाने का आह्वान

- सेवा पखवाड़े के दौरान देशभर में किए जा रहे कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेवा पखवाड़ा के तहत करनाल में आयोजित वोकल फॉर लोकल मेले में केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शिरकत की। उन्होंने दुकानदारों व खरीदारों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी सामानों को अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान देशभर में पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, टीबी मरीजों की सहायता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता, जिला महामंत्री सुभाष कश्यप, पार्षद संजीव मेहता, बेबी पाल, अलका चौधरी, पार्षद मुकेश अरोड़ा, सुजाता अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, गौरव खुराना, मोहन लोधी, आकाश अरोड़ा, मीनाक्षी भिंडर समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### 1 नवंबर से पात्र महिलाओं के खाते में आएंगे 2100 रुपये : मनोहर

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को करनाल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि "एक नवंबर 2025 से पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रतिमाह 2100 रुपये की राशि सीधे पहुंचनी शुरू हो जाएगी।" इस अवसर पर उन्होंने लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें 12.70 करोड़ रुपये से बने सीएचसी निगदू, 8.89 करोड़ रुपये से जिला नागरिक अस्पताल के सौंदर्यीकरण, 55.50 लाख रुपये से एसएचसी बाल रांगड़ान, एसएचसी बला, एसएचसी गोली, एसएचसी फफड़ाना, एसएचसी रत्तक, 65.84 लाख रुपये से एसएचसी कैमला और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण शामिल है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि इस योजना से हरियाणा की लगभग 21 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी, जिनमें विवाहित और अविवाहित दोनों वर्ग शामिल हैं। इसके लिए हरियाणा सरकार ने वार्षिक 5000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। इस अवसर पर एसपी गंगाराम पूनिया, एडीएम सोनू भट्ट, निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, एसडीएम अनुभव मेहता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



## स्टॉक मार्केट के नाम पर युवक से ठगे 25.24 लाख

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट करवा कर अधिक प्रॉफिट देने का झांसा देकर प्रोफेसर कॉलोनी निवासी विनीत बंसल से 25 लाख 24 हजार रुपए ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी विनीत बंसल ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गत 24 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। मैसेज पर क्लिक करते ही वह एक गुरप से जुड़ गया। जिसमें स्टॉक मार्केट के संबंध में बातचीत चल रही थी। आरोपी ने उससे बात करनी शुरू कर दी।

आरोपी ने कहा कि स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट कर अधिक प्रॉफिट कमाया जा सकता है। यदि वह स्टॉक मार्केट में पैसे इन्वेस्टमेंट करने में दिलचस्पी रखते हैं तो अधिक लाभ कमा सकता है। उसने आरोपी की बातों पर विश्वास कर लिया। आरोपी ने गत 24 जुलाई से 9 सितंबर के बीच उससे अलग-अलग खातों में 25 लाख 24 हजार रुपए जमा करवा लिए। जब उसने आरोपी से प्रॉफिट के पैसे मांगे तो पैसे देने से मना कर दिया और उसे ग्रुप से एग्जिट कर दिया।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर फूल चंद गर्ग का निधन

**तरावड़ी।** तरावड़ी शहर के जाने-माने समाजसेवी एवं शिक्षाविद् मास्टर फूल चंद गर्ग का 19 सितम्बर को अचानक निधन हो गया। वे करीब 94 वर्ष के थे। मास्टर गर्ग लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े रहे और समाज सेवा के कार्यों में भी उनकी गहरी भागीदारी रही। उन्होंने हमेशा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया और जीवन भर सेवा भावना को प्राथमिकता दी। उनके निधन से शहर में शोक की लहर है। रोजाना बड़ी संख्या में लोग सीएचडी सिटी स्थित उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। स्व. मास्टर फूल चंद गर्ग की आत्मा की शांति के लिए 1 अक्टूबर को इडन पैलेस में दोपहर 2 से 3 बजे तक रस्म क्रिया आयोजित की जाएगी।

### सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**इंद्री।** कुरुक्षेत्र रोड पर गांव बुढनपुर के नजदीक सडक़ किनारे करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पडा मिला। आसपास के लोगों ने जैसे ही शव को पडा देखा तो तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही इंद्री पुलिस व डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव की पहचान करने की कोशिश की लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुरुक्षेत्र रोड पर गांव बुढनपुर के पास करीब 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा है। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि शव की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

### 12वीं कक्षा की छात्रा संदिग्ध हालात में लापता

**तरावड़ी।** तरावड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की 12वीं कक्षा की छात्रा संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। परिजनों ने स्कूल के ही एक युवक पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने अपने स्तर पर बेटी की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। बाद में परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।लडक़ी के पिता ने तरावड़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी दूसरे गांव पधाना के सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ती है। 24 सितंबर की सुबह करीब 8:15 बजे हमारा भतीजा उसे स्कूल छोडक़र आया था। लेकिन सुबह 9:50 बजे स्कूल की एक अध्यापिका ने पिता को फोन कर जानकारी दी कि छात्रा स्कूल नहीं पहुंची।

### ओंकार के प्रति जागना सुमिरन है : सिद्धार्थ

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरु धाम मुरथल में आयोजित समर्थगुरु संसद के समापन कार्यक्रम में समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने 2025 -2026 हेतु आचार्य दर्शन को समर्थगुरु धारा के केन्द्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी है। आचार्य कुंज बिहारी जी को समर्थगुरु धारा हिमाचल में संयोजक का कार्यभार दिया है। जम्मू कश्मीर के लिए आचार्य शिवम, हरियाणा के लिए आचार्य सुभाष, पंजाब के लिए आचार्य डा.मुनीश, गुजरात के लिए आचार्य कार्तिकेय, दिल्ली के लिए आचार्य एकान्ता मां, अंतराष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के लिए आचार्य अमरेश झा, मध्यप्रदेश के लिए सीमा तिवारी, छत्तीसगढ़ के लिए आचार्य संतोष चंद्रा, बिहार के लिए आचार्य डॉ.प्रभात और मीडिया के प्रसार हेतु संदीप नैन को कार्यभार दिया है।

### विज्ञान केंद्र में चलाया सफाई अभियान

**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, कुरुक्षेत्र द्वारा विशेष अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा 2025 एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. ऋषि ने विशेष रूप मे भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से स्टाफ और स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए केन्द्र के शिक्षा अधिकारी जीतेन्द्र कुमार दास ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता का महत्व बताया।

---

### दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का एप लॉन्च, पात्रों के पंजीकरण में जुटा प्रशासन

# महिला सशक्तिकरण में 2100 रुपये की आर्थिक सहायता बनेगी मील का पत्थर

- मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक रामकुमार रहे
- योजना को सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



इंद्री। बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते विधायक रामकुमार कश्यप।

बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना एप लॉन्च तथा पंजीकरण कार्य के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने शिरकत की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ महिला शक्तिकरण की दिशा में एक ठोस पहल है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर शुरू की गई इस योजना के माध्यम से पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इस योजना का शुभारम्भ कर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारते हुए एक नये अध्याय का सूत्रपात किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गये जहां मौके पर ही पात्र महिलाओं का निशुल्क पंजीकरण किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाया गया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच भी की गई। महिलाओं को नजर के चश्मे भी निशुल्क वितरित किये गए।

#### हेल्थ कैंप में महिलाओं को दिए नजर के चश्में

इस मौके पर विधायक ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारम्भ महिला शक्तिकरण की दिशा में एक ठोस पहल है। इस दौरान स्वास्थ्य जांच कैंप भी लगाया गया, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच भी की गई। मेडिकल कैम्प के दौरान विधायक राम कुमार कश्यप द्वारा टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मरीजों को मेडिकल व न्यूट्रिशन किट भी वितरित की गई। इस अवसर पर एसडीएम अशोक मुंजाल, बीडीपीओ गुरमलक सिंह, डीएसपी सतीश गौतम, नगरपालिका चेयरमैन राकेश पाल, राम मेहर, संजय कांबोज,अनुज गर्ग, पाला राम, मनीष कुमार, कवंलजीत व जितेन्द्र आदि मौजूद रहे।

---



करनाल। कैंप में प्रशिक्षण लेने के बाद शर्टिफिकेट दिखाते कैडेट्स।

# दस दिवसीय कंबाइंड ट्रेनिंग कैंप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा एनसीसी बटालियन, करनाल द्वारा 16 से 25 सितम्बर तक एनसीसी अकादमी, रूपनगर में आयोजित दस दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप-126 का आज सफल समापन हुआ। समापन उपरांत सभी कैडेट्स ने अनुशासन और प्रशिक्षण की नई ऊर्जा के साथ करनाल वापसी की। इस शिविर में करनाल के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 435 कैडेट्स ने भाग लिया। कैंप के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, अस्त्र-शस्त्र संचालन, फील्ड क्राफ्ट, बैटल ड्रिल, मैप रीडिंग, व्यक्तित्व विकास सहित विभिन्न प्रशिक्षण सत्र कराए गए।

#### इनके नेतृत्व में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

यह प्रशिक्षण शिविर 7 हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के.के. वेंकटरमण के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल एस.एस. नेगी, सूबेदार मेजर बलराज सिंह, कैंप एडजुटेंट लेफ्टिनेंट देवी भूषण, लेफ्टिनेंट ऋचा, लेफ्टिनेंट मलखान सिंह, लेफ्टिनेंट गुरमीत, लेफ्टिनेंट संदीप, लेफ्टिनेंट विजय, सूबेदार विक्रम, बीएचएम अविनाश, सीएचएम अमरिंदर सिंह, हवलदार ईश्वर सिंह व सीनियर अंडर ऑफिसर सूरज का विशेष सहयोग रहा।

---

### धान खरीद का विधायक ने किया शुभारंभ

- किसानों को फसल बेचने में न हो कोई परेशानी : विधायक

**इंद्री।** विधायक रामकुमार कश्यप ने अनाज मंडी में धान के खरीद कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने फसल खरीद को लेकर मंडी अधिकारियों, आढ़तियों व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत की तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि धान की खरीद का कार्य एक अक्टूबर से शुरू किया जाना था लेकिन मंडियों में धान की आवक व किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आज से ही मंडियों में धान की खरीद का कार्य शुरू करवा दिया है, जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। इस दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल खरीद सीजन में तत्परता से अपनी ड्यूटी निभाएं। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी तरह की परेशानी न आए और तय समय पर उनके खाते में पेमेंट का भुगतान हो। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह सुखाकर मंडी में लाएं ताकि उन्हें अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।



इंद्री। अनाज मंडी इंद्री में धान की ढेरियों का निरीक्षण करते विधायक रामकुमार कश्यप। फोटो : हरिभूमि



तरावड़ी। स्वच्छता अभियान मे भाग लेते नपा अध्यक्ष वीरेंद्रa बंसल, सचिव अजीत कुमार व सफाई कर्मचारी। तरावड़ी

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मोत्सव पर नगर पालिका ने चलाया स्पेशल श्रमदान

**तरावड़ी।** नगर पालिका तरावड़ी लगातार स्वच्छता और साफ सफाई के कामों को लेकर अलर्ट मोड पर दिखाई दे रही है। शहर में पिछले कई दिनों से हरियाणा स्वच्छता अभियान 2025 के तहत तरावड़ी के हर गली, हर मौहल्ले की सफाई की जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर के में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इसी के तहत नगर पालिका सचिव अजीत कुमार के दिशा निर्देश अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मोत्सव पर एक घंटे का स्पेशल श्रमदान ड्राइव चलाया। जिसमें नगर पालिका प्रधान वीरेंद्र बंसल ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए स्वयं झाड़ू लगाकर स्थानीय लोगों के बीच प्रेरणा का स्रोत बने। एक संबोधन के माध्यम से उन्होंने बताया कि हम सब का यह कर्तव्य बनता है कि हम सब मिलकर स्वच्छता और साफ सफाई के कार्य में बढ़ चढक़र भाग ले और अपने शहर को साफ सुथरा बनाएं। यह स्पेशल श्रमदान ड्राइव सौंकड़ा रोड पर चलाया गया। नगर पालिका के पार्षद गण, नगर पालिका सचिव अजीत कुमार, सफाई कर्मचारी, शहर के गण मान्य व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

### केवीए डीएवी कॉलेज में प्रदर्शनी आयोजित

- विद्यार्थियों ने पारंपरिक मिट्टी कला का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया

करनाल। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा तथा केवीए डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन के इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनी एवं पॉटरी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्राचीन मूर्तियों एवं सभ्यता से जुड़े अवशेषों की प्रतिकृतियां प्रदर्शित की गईं। पॉटरी वर्कशॉप में विद्यार्थियों ने पारंपरिक मिट्टी कला का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्या मीनू शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापिकाएं डॉ. मंजू सिंह, डॉ. संगीता गौरांग, डॉ. सुषमा ठाकुर, डॉ. सुनीत भंडारी, डॉ. अंजू नरवाल, इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ. रेनू बालियान व प्राध्यापिका डॉ. परवेश ने पुरातत्व विभाग के प्रतिनिधियों डॉ. सूचिका चावला, विनीत भनवाला, विजय व अनिल का स्वागत किया। डॉ. रेनू बालियान ने कहा कि अतीत को समझने के लिए संग्रहालयों व संरक्षित वस्तुओं का अध्ययन आवश्यक है। विभाग के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विभिन्न कालखंडों की कलाकृतियों, विशेषताओं और हरियाणा के प्रमुख पुरातात्विक स्थलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



करनाल। प्रदर्शन का शुभारंभ करतीं प्राचार्या मीनू शर्मा व अन्य।



तरावड़ी। रावण के पुतले करते हुये कारीगर व रानी तालाब जहां पर मनाया जायेगा दशहरा पर्व। फोटो : हरिभूमि

### रावण-मेघनाद के पुतले होने लगे तैयार

- रानी तालाब में 2 अक्तूबर को धूमधाम से मनाया

तरावड़ी। दशहरा पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नगर पालिका द्वारा मुख्य आयोजन रानी तालाब को व्यवस्थित करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मैदान की साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, पानी की उपलब्धता तथा सुरक्षा प्रबंधों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं पिछले कई दिनों से दशहरा पर्व को लेकर रावण का पुतला भी तैयार किया जा रहा है। जानकारी हुए दशहरा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य रामसिंह चौधरी, महासचिव देवेन्द्र कामरा ने बताया कि गंगोह यूपी से रावण का पुतला तैयार करने के लिए कई दिनों से कारीगर शहर में काम कर रहे है तथा दो से तीन दिन में रावण का 55 फुट का पुतला तैयार हो जाएगा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष किले के सामने नपा की भूमि पर दशहरा पर्व आयोजित हुआ था तथा उससे पहले लगातार कई वर्षों से स्कूल के ग्राऊंउ में दशहरा पर्व आयोजित होता तथा लेकिन वहां पर नए कमरे बनने के बाद गाऊंड काफी छोटा हो गया था तथा भीड़ अधिक होती थी जिसके बाद दो से तीन वर्ष शहर के अलग-अलग हिस्सों में हर वर्ष दशहरा पर्व आयोजित हो रहा है।

---



घरौंडा। रामलीला में रामबारात के दौरान सजी सुंदर झांकी।

### आधुनिक लाइटों से सजी राम बारात

- राम बारात पर हुई पुष्प वर्षा श्रीराम के जयकारों से गुजा घरौंडा

**घरौंडा।** श्री रामलीला कमेटी घरौंडा द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के अंतर्गत वीरवार को देर शाम भगवान श्रीराम की भव्य बारात नगर में निकाली गई। राम बारात का आयोजन नगर में परंपरागत ढंग से हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई रेलवे रोड स्थित नगर खेड़ा पर जाकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवरात्रों के पावन दिनों में पूरे भारतवर्ष में धार्मिक उत्सवों की धूम रहती है और भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन समाज को नैतिकता और आदर्शों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। उन्होंने कहा कि घरौंडा की रामलीला लंबे समय से भव्य परंपरा निभाते हुए समाज को भगवान श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा देती आ रही है।कांग्रेस नेता सोमिल संधू ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी रामलीलाओं में विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाकर जहां अपने भीतर धार्मिक आस्था को मजबूत कर रही है, वहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रामलीला जैसे आयोजन विशेषकर युवाओं को धर्म, सत्य और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चलने की शिक्षा देते हैं।

# नाम, धाम रूप और लीला यह चारों परमात्मा के स्वरूप: प्रहलाद रामायणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

नवरात्रों के शुभ अवसर पर श्री हनुमान सेवा समिति की ओर से मां अन्नपूर्णा आश्रम मे संगीतमयी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। चर्तुथ दिवस की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे राधेश्याम गर्ग एवं सुमीत मित्तल ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। गुरूवार की कथा मे श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा कि नाम,धाम रूप और लीला यह चारों परमात्मा के स्वरूप माने गए हैं। शास्त्र में इन चारों से जीव का कल्याण होना संभव है किसी एक से हमारी साधना जुडऩी चाहिए। भगवान की कथा में चारों की भूमिका होती है। उन्होंने कहा चक्रवर्ती श्री महाराज दशरथ भगवान श्री राम को राजा के भाव से बुलाते हैं परंतु अपने बाल मंडल सखाओं को छोडक़र नहीं आते हैं प्रभु श्री राम, लेकिन मां कौशल्या जब वात्सल्य भाव से बुलाती है पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। भक्ति भाव वह तत्व है जो भगवान को अपने पीछे चलने के लिए बाध्य कर देती है। और ज्ञान के गोद में बिठा देती है। प्राणी मात्र को विश्राम देने वाला ही राम है। भारत में रकार प्राण तत्व है राम के बिना भारत को चेतना शुन्य होना संभावित है। मुंडन, उपनयन, विधाध्यन आदि प्रभु श्री राम का अयोध्या में समस्त संस्कार संपन्न हुआ।



कथा मे चैयरमेन शिवनाथ कपूर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।

#### ये रहे प्रमुख रूप से मौजूद

इस अवसर पर कथा में लाला साधू राम सिंगला, सरंक्षक बालकिशन त्रिपाठी, अध्यक्ष अमन शर्मा, संजय सिंगला, चेयरमैन शिवनाथ कपूर, नवीन कपूर, प. मोहन लाल, अजय गोयल, प्रमोद सिंगला, हंसराज पाहुजा, राकेश गोयल, नरेश गाबा पार्षद, अनिल सिंगला, संजय गाबा, अशोक लूथरा, योगेश सरदाना, नरेश अरोड़ा, विपिन छाबड़ा, यशपाल शर्मा, रमेश सचदेवा, सरोज बाला, रेणू बाला, कविता, नीलम खुराना, गायत्री देवी, रवि चावला सहित शहर के गणमान्य लोग व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# लोगों की सुरक्षा को लेकर डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

- महिलाओ व बच्चो की सुरक्षा के लिए प्रशासन से गश्त बढ़ाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

त्योहारों की बढ़ती भीड़ ० ट्रैफिक व्यवस्था जाम की समस्या के मद्देनजर सामाजिक संस्था युवा फाउंडेशन हरियाणा के सदस्यों ने डीएसपी कार्यलय में पहुंच कर घरौंडा के डीएसपी मनोज कुमार से शहर की कानूनी व्यवस्था के लिए मुलाक़ात की। फाउंडेशन के सरंक्षक योगेंद्र शर्मा ने बताया कि नवरात्रो का पर्व चल रहा है जिसकी वजह से धार्मिक आयोजनों ० मंदिर में पूजा पाठ के लिए महिलाये मंदिरो में पूजा पाठ के लिए जाती है। उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आज डीएसपी साहब से मुलाकात की और उन्हें मुख्य मांगो के लिए ज्ञापन सौंपा। संस्था के प्रवक्ता डॉ राजकुमार ने बताया क्रि शहर में शरारती तत्व सक्रिय है और बुलेट बाइक पर पटाखे मारते हुए महिलाओ को परेशान करते है। शहर में कई ऐसी बाइक है जिनमे हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट तक भी नहीं नहीं लगी हुई। ये शरती तत्व बिना नम्बर की बाइक पर 4 - 4 सवारी बिठा कर हुड़दंग बाजी करते है। ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त एक्शन ० पुलिस की गश्त बढ़ाने के लिए आज मांग पत्र दिया गया। इस मांग पत्र के बाद डीएसपी साहब ने आश्वासन दिया क्रि हुड़दंगबाजी बर्दाश्त नहीं क्रि जाएगी जो ट्रैफिक नियमो का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। इस मौक़े पर संस्था सदस्य रिंकू राणा,योगेश वर्मा,नम्बरदार मलखान सिंह,संजय गोयल,चाहत वधवा,दिलावर चौहान,परवीन वर्मा,शुभम सेन , गुरदीप रंगा मौजूद रहे।

---

**धर्मकर्म** अग्रोहा धाम की पवित्र भूमि पर अग्रवाल सभा करवा रही कुलदेवी आघ महालक्ष्मी के मंदिर का निर्माण

# अग्रोहा धाम में बन रहा मंदिर होगा विश्व का सबसे बड़ा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

अग्रोहा धाम की पवित्र भूमि पर अग्रवाल सभा द्वारा बनाए जा रहे कुलदेवी आघ महालक्ष्मी के मंदिर को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह है। जिसकी कमान अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय गोपाल शरण गर्ग व संस्था के अन्य साथियों ने संभाल रखी है। श्री राम ग्रुप के प्रमुख लाला साधुराम, विजय सिंगला और संजय सिंगला ने बताया कि हम अग्रोहा धाम में बन रहे मंदिर की बात करें तो इसके निर्माण पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च होंगे और यह मंदिर अग्रवाल समाज के लोगों का विश्व का सबसे बड़ा मंदिर होगा। इस पवित्र मंदिर को लेकर अग्रवाल समाज के लोगों में भारी जोश एवं उत्साह है।



तरावड़ी। पत्रकारों से चर्चा करते हुये रविन्द्र सिंगला, संजय सिंगला व महेश सिंगला।

#### मंदिर में दान देने वालों का बढ़ रहा ग्राफ

मंदिर की कमेटी ने देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले लोगों को इसका ट्रस्टी सदस्य बनाया है। जब कोई ट्रस्ट बन जाता है तो उस संस्था को दान देने वालों का ग्राफ अपने आप बढ़ता जाता है। इस मंदिर के प्रति इस शहर में रहने वाले अग्रवाल समाज के परिवारों में काफी जोश एवं उत्साह है और अग्रवाल समाज के कई परिवार इस पुनीत कार्य से जुडकर लाखों रुपए दान देकर इसके ट्रस्टी बन चुके है। जिसमें सबसे पहला नाम गलैक्सी ग्रुप के मालिक विनोद गोयल, शिव शक्ति राइस मिल के मालिक रमेश गुप्ता, अमन गुप्ता, जीवी राइस मिल के मालिक प्रमोद बंसल, स्व. रमेश बंसल, श्रीराम ग्रुप के मालिक रविन्द्र सिंगला, श्रीहंस राइस मिल के मालिक प्रदीप गुप्ता, बीडी ओवरसीज के मालिक प्रवीन गर्ग, न्यू कैम ऑयल मिल के मालिक सुरेन्द्र बंसल, राइस एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल, राघव इंडस्ट्रीज के मालिक राकेश गर्ग के अलावा शहर के कई साधन-संपन्न परिवार इस ट्रस्ट के सदस्य बनकर लाखों का दान दे चुके है।

#### मंदिर निर्माण पर यह बोले रविन्द्र सिंगला

इसे लेकर श्री राम राइस यूनिट के सीएमडी रविन्द्र सिंगला से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि भगवान ने इस मंदिर की सेवा करने का हमारे परिवार को भी मौका दिया है। हमारे शहर के कई परिवार हमारे ट्रस्ट के सदस्य बनकर पुण्य के भागी बने है यह एक भव्य मंदिर होगा। इस पवित्र धरती पर बैठकर जो परिवार सच्चे मन से पूजा-अर्चना करेगा, उसको उसका लाभ जरूर मिलेगा।

### प्लेस ऑफ सेफ्टी पहुंचे जिला न्यायाधीश अजय

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा वीरवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के साथ प्लेस ऑफ सेफ्टी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश अजय कुमार शारदा ने ज्यूविनायलों से बातचीत कर उन्हें दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं तथा अपील के अधिकार से अवगत कराया। वहीं, सीजेएम डॉ. इरम हसन ने दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली नाटक व पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु ज्यूविनायलों को प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप

### विनय बने मार्केट कमेटी के अध्यक्ष

**समालखा।** समालखा में प्रमुख भाजपा नेता विनय जैन को समालखा मार्केट कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है, जबकि आढ़ती सतबीर शर्मा को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। दोनों की नियुक्ति से व्यापारियों में खुशी का माहौल है। व्यापारियों ने चेयरमैन का स्वागत किया और मिठाई बांटी। स्मरणीय है कि समालखा मार्केट कमेटी के चेयरमैन बने विनय जैन के पिता शिवकुमार जैन हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रह चुके हैं और संघ और सरकार में अच्छी पकड़ रखते हैं।

### पुलिस ने जानलेवा हमलावर पकड़े

**पानीपत।** गांव इसराना में निजी अस्पताल के पास झगड़े में व्यक्ति पर चाकू से जानलेवा हमला करने मामले में थाना इसराना पुलिस ने इसराना निवासी नीरज व एक नाबालिग को पकड़ा है। थानेदार महीपाल सिंह ने बताया कि इस मामले में इसराना निवासी सूरज की शिकायत पर केस दर्ज है।

### छात्रों ने अपनी विरासत को जाना

**पानीपत।** एचटीसी स्काईलार्क पानीपत में विरासत की हिफाजत कार्यक्रम के तहत देखो अपना पर्यटन स्थल प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें आर्य बाल भारती स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। प्रोग्राम में बच्चों को हरियाणा पर्यटन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं उन्हें स्काईलार्क पर्यटक स्थल का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर कर्मवीर कादियान इंचार्ज स्काईलार्क, आर्य जगदीश चहल, सुनील, योगेश, वर्षा, अनिल धीमान, कश्मीर सिंह, सुमित कुमार, भूपिंदर सिंह व राजबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### एमडीए के जिलाध्यक्ष बने शक्ति

**पानीपत।** एमेच्योर डांसस्पोर्ट एसोसिएशन हरियाणा ने पानीपत जिला एसोसिएशन का गठन किया। वहीं, शक्ति डांस स्टूडियो के डायरेक्टर शक्ति भारद्वाज को जिला अध्यक्ष एवं जिला समन्वयक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.एसके वशिष्ठ अध्यक्ष एमेच्योर डांसस्पोर्ट एसोसिएशन हरियाणा, महासचिव राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### श्री रामलीला का मंचन किया

**पानीपत।** श्री सायंकाल रामलीला लैय्या सभा द्वारा आईबी कॉलेज प्रांगण में श्रीराम लीला का मंचन किया। इस असर पर सभा के महामंत्री युधिष्ठिर शर्मा, परमवीर ढींगरा, युधिष्ठिर शर्मा, जगदीश शर्मा, सन्नी पाहुजा, जगदीश चराया, दीपक मुखीजा, दुर्गेश शर्मा, सौरव चावला, लक्की अरोड़ा, यशपाल शर्मा, सचिन मिगलानी, तुषार पाहवा, सत्यम आहूजा, अंशुल शर्मा, सोनू शर्मा व रामलाल आदि उपस्थित रहे।

### विजेता खिलाड़ी सम्मानित

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने सीबीएसई राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी खेल एसडी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, ककराला, महेंद्रगढ़, हरियाणा में आयोजित खेल प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों स्वर्ण पदक विजेता अक्षिता और रजत पदक विजेता भूमिक को पुरस्कृत किया। वहीं, उन्होंने कोच विक्रांत को भी बधाई दी।

### आईबी कॉलेज में प्लेसमेंट हुआ

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई तथा मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में टेक्नोलॉजी, स्किल्स और करियर रेडीनेस की दिशा में युवाओं के कदम विषय पर इंडस्ट्री एक्सपर्ट टॉक और औद्योगिक दौरे का आयोजन किया गया। जबकि प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों का हौंसला बढाते हुए उनका मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर प्लेसमेंट एंड करियर गाइडेंस सेल की ऑफिसर डॉ. अर्पणा गर्ग, मेधा से शाहिद, अमन श्रीवास्तव, अब्दुल हसीब आदि उपस्थित है।

## मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं का किया ऐलान, लोगों को मिलेगी राहत

# पानीपत को दी करोड़ों की सौगात रेलवे ओवर ब्रिज का शिलान्यास

### पानीपत में अपराधों की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी घोषणा की

▶▶ पालिका बाजार का पुनर्निर्माण होगा, भागवत गीता चौक बनेगा, सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा पानीपत, विकास कार्यों पर 130 करोड़ की लागत आएगी, भूमि उपलब्ध होने पर बनेगा ऑटो मार्केट, नाइट शेल्टर, कर्मचारियों के लिए निवास व स्लाटर हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पानीपत शहरी विधानसभा वासियों को सौगात देते हुए पुराने औद्योगिक क्षेत्र को जीटी रोड से जोडऩे वाले 70 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज तथा 18 करोड़ 95 लाख से बनने वाले फायर स्टेशन केंद्र का शिलान्यास किया। वहीं सीएम सैनी ने भागवत गीता चौक के लिए 50 लाख रुपये और पालिका बाजार पुनर्निर्माण के लिए 40 करोड़ रुपये की ग्रांट भी मंजूर की। उन्होंने पानीपत में अपराधों की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी घोषणा की। दूसरी ओर, सीएम सैनी ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, विधायक समालखा मनमोहन भडाना की उपस्थित में भाजपा के जिला कार्यालय श्याम कमल का शुभारंभ किया।



**पानीपत।** विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल, पूर्व सांसद संजय भाटिया। फोटो : हरिभूमि

**जनता की निष्काम सेवा करें भाजपाई: लाल**

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए जिला कार्यालय बनाए जा रहे हैं। पिछले 11 वर्षों से देश में विभिन्न पखवाड़ा आयोजित किये जा रहे हैं और इस वर्ष भी हाल ही में पीएम मोदी के जन्म दिवस से लेकर दोअक्टूबर तक विशेष पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज देश में हरियाणा प्रदेश की आर्थिक स्थिति बहुत बेहतर है। भाजपाइयों से जनता की निष्काम सेवा की अपील की।

### भूमि उपलब्ध होने पर बनेगा ऑटो मार्केट

सीएम सैनी ने पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों पर बोलते हुए पानीपत में भूमि उपलब्धता होने पर ऑटो मार्केट बनाने, नाइट शेल्टर का निर्माण, नगर निगम के कर्मचारियों के रहने की जगह और पानीपत में स्लाटर हाउस आदि के निर्माण करवाने की घोषणा की। सीएम सैनी ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि हम सबको उनके समर्पित जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति और अंत्योदय की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं बल्कि समाज सेवा का माध्यम होनी चाहिए।

### प्रदेश में विकास के लिए पैसे की कमी नहीं

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि यह भाजपा का जिला कार्यालय श्याम कमल उनकी ग्रामीण विधानसभा में खुला है। यह कार्यालय आम कार्यकर्ताओं के लिए बहुत बड़ी देन है जो की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि आज प्रदेश में विकास के लिए पैसे की कमी नहीं है और नॉनस्टॉप तीन गुना गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं। सरकार की गरीबी उन्मूलन की योजना के तहत अंत्योदय की भावना से काम किया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कैंप लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, पूर्व सांसद संजय भाटिया भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, प्रवक्ता वेद पारशन समेत बडी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

# देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार: डॉ. अरोड़ा

### एसडी कॉलेज में आईओसीएल ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूक किया


**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, आईओसीएल के अधिकारियों को पौधे भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में आईओसीएल रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल्स के सौजन्य से और कॉलेज एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम किया। जिसमें विशिष्ट मेहमान गौतम प्रिया चीफ जनरल मैनेजर विजिलेंस, मोहम्मद अरशद हुसैन डिप्टी जनरल मैनेजर विजिलेंस, संदीप गोयल चीफ मैनेजर एम्प्लोई मैनेजमेंट सर्विस, चेतन काम्बले वरिष्ठ मैनेजर विजिलेंस और विजेंद्र कुमार मैनेजर ईआर ने शिरकत की। इधर, मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने करते हुए कहा कि डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि हमारे देश के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास में भ्रष्टाचार एक प्रमुख बाधा है। इसके खिलाफ सरकार, नागरिक और निजी क्षेत्र के लोगों को एकजुट होकर प्रयास करना होगा ताकि इस बुराई का जड़ से खात्मा हो सके। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ने के लिए हर नागरिक को सतर्कता और ईमानदारी का दृढ़ निश्चय करना होगा। वहीं, विद्यार्थियों को अभी से यह संकल्प लेना होगा कि उन्होंने न घूस देनी है और न ही लेनी है। जीवन के सभी कार्यों को ईमानदारी और मेहनत से करना है।

**भाषण में दीपांजली प्रथम**

भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीपांजली प्रथम, बीएससी प्रथम की खुशबू द्वितीय, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा इशिका जैन तृतीय रही। जबकि वंश व इति जैन को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## दवा सुरक्षा पर जागरूक किया

# डॉक्टर की सलाह से ही दवाइयों का सेवन करें: राजे

**पानीपत।** किसी भी दवा के इस्तेमाल के बाद उसकी सुरक्षा, प्रभाव, और दुष्प्रभावों पर निगरानी रखना और उनका सही ढंग से प्रबंधन करना ही दवा सुरक्षा होता है। हमें ये देखना चाहिए कि दवा के किसी भी हानिकारक असर को पहचान कर समय पर रिपोर्ट किया जाए। दवाओं का सही इस्तेमाल, सही मात्रा और सही तरीके से किया जाए। पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी यानि पाइट के फार्मेसी विभाग ने पांचवें राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह में दवा सुरक्षा पर जागरूक किया।


**पानीपत।** पाइट में अतिथियों को स्मृति चिंह देते हुए शुभम तायल।

वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ एलुमनाई इंटरेक्शन सत्र से हुआ। उद्योग और शोध क्षेत्र की नवीन जानकारियां साझी की गई। डॉक्टर की सलाह से ही दवाइयों का सेवन करें। गांव पट्टीकल्याणा में वॉकाथॉन फॉर पब्लिक अवेयरनेस का आयोजन किया गया।

## जजपा ने ताऊ देवीलाल को जयंती पर नमन किया...


**पानीपत।** जननायक जनता पार्टी ने जिला भर में पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ चौधरी देवी लाल को जयंती पर नमन किया। वहीं, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फूलपति, राष्ट्रीय महासचिव देवेन्द्र कादियान, राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, जिलाध्यक्ष रामनिवास पटवारी, प्रैस प्रवक्ता अजय सिंह बिंझौल, महिला जिलाध्यक्ष गीता, सुरेंद्र धौला, जगबीर बिंझोल, कप्तान जागलान, कृष्ण चंदौली, बलकार देशवाल, स.गुरुचरण, स. गुरुप्रीत, बलराज, राजेंद्र जैलदार आदि ने ताऊ के नमन किया। इधर, गांव बबैल में जजपा के राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र कादियान, मास्टर जयसिंह, नितिन अहलावत, विक्की सरपंच, जीता सिंह, किताबा, चंद्र सिंह, पंडित जयकिशन, धर्मेंद्र पंडित, रामकिशन सिंह, गंगाराम स्वामी, दीपक, नरेंद्र, वकील खान समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने ताऊ देवीलाल की याद में नारे लगाए और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाईं

# पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित : गौत्तम

**इसराना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। जहां पूर्व की सरकारों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों पर गोली तक चलाने के आदेश तक नहीं थे। वहीं मोदी की कमान में जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाईं। जिस को देश ने सपने भी नहीं सोचा। पाकिस्तान को उसके घर में ही घुस कर मारा। सफीदों से भाजपा विधायक रामकुमार गौत्तम गांव अहर में महादेव गौशाला में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने आए थे। गौत्तम ने कहा कि प्रदेश की नायब सैनी सरकार, राज्य में तेजी से विकास कार्य करवा रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कली राम पटवारी, महादेव गोशाला के संस्थापक बलवान शर्मा अहर, सोहनलाल, संदीप पाठक, सुनील शर्मा, दलेल, महावीर माड़ी, मनीष, सतबीर शर्मा आदि उपस्थित रहे।


विधायक रामकुमार गौत्तम व बलवान शर्मा मीडिया से बातचीत करते हुए।

### पेंटिंग बनाने में आर्यन व नेहा प्रथम

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्त्वपूर्ण मुहिम स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें आर्यन कक्षा बारहवीं व नेहा कक्षा ग्यारहवीं प्रथम, शगुन कक्षा बारहवीं और सावन मिटान कक्षा बारहवीं ने द्वितीय और आरती व शिवम कक्षा ग्यारहवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### ताऊ देवीलाल को नमन किया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह ताऊ देवीलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कॉलेज इंचार्ज डॉक्टर सुमन लता ने छात्राओं को देश के कमेरे वर्ग के हित के लिए ताउम्र संघर्ष करने वाले ताऊ देवीलाल की जीवन गाथा सुनाई। इस अवसर पर टीचर्स व छात्राएं उपस्थित रही।

## छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान दिया

# विद्यार्थियों ने बाजार का शैक्षिक भ्रमण किया


**पानीपत।** आईबी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने हेतु डेटा कलेक्शन गतिविधि के अंतर्गत लोकल प्राइस सर्वे किया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को दैनिक उपयोग की वस्तुओं, किराना सामान, फल एवं सब्जियों आदि की कीमतों के डेटा का संग्रहण, विश्लेषण और प्रस्तुतीकरण कराना था। वहीं, विद्यार्थियों ने स्थानीय बाज़ार से दैनिक उपयोग की वस्तुओं, किराना सामान, फल एवं सब्जियों आदि के दामों का सर्वेक्षण किया। तत्पश्चात एकत्रित आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से तालिकाओं और ग्राफ के रूप में प्रस्तुत कर डेटा कलेक्शन गतिविधि के अंतर्गत उनका विश्लेषण किया।

# पर्यावरण को घना करना सभी का कर्तव्य

❝ दी कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्रबंधन समिति सदस्य डीवी गुप्ता ने पौधा लगाकर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

एनसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गांव इसराना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आज पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्रबंधन समिति सदस्य डीवी गुप्ता ने पौधा लगाकर किया। महिलाओं ने भी पौधरोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल मेजर जनरल डॉ.पीके सिंह ने व संचालन कर्नल रामकुमार ने किया।


**पानीपत।** एनसी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में पौधरोपण करते अतिथिगण।

**पौधरोपण के लिए पौधे वितरित किए**

डीवी गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच है। स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम एक मील का पत्थर साबित होगा। यह पखवाड़ा दो अक्टूबर तक चलेगा। इस पखवाड़े में हम स्त्रियों की विभिन्न प्रकार की बीमारियों पर केंद्रित करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ महिलाओं ने भी पौधरोपण किया व उनको अपने घर आंगन में पौधरोपण के लिए पौधे वितरित किए।

## छात्राओं को टूल किट बांटी

# करियर्स काउंसलर के बारे में अवगत करवाया


**समालखा।** महिला आईटीआई में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत वीरवार को छात्राओं को कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए टूल किट बांटी गई हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड छह के पार्षद नरेश कौशिक रहे। जबकि साहब सिंह सेवानिवृत हैड मास्टर ने बच्चों को बतौर करियर्स काउंसलर के बारे अवगत करवाया। जबकि नरेश कौशिक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश तकनीकी शिक्षा में विश्व में अपनी अलग पहचान बना चुका है, जिसके चलते भारत विकास शील देशों की श्रृंखला में अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो चुका है। उन्होंने कहा छात्राओं को तकनीकी ज्ञान जरूर लेना चाहिए, जिससे उनका आने वाला भविष्य उज्ज्वल बन सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुशील कुमार, नरेश कुमार कंप्युटर अनुदेशक, निशा शर्मा, आशा शर्मा व सचिन कुमार लिपिक आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार छाबड़ा पुत्र श्री रामधन निवासी मकान नंबर 424/11, छाबड़ा स्वीटस के पास पानीपत, हरियाणा-132103 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुमित छाबड़ा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत।**

**प्रवीन बरेजा पत्नी आधार नम्बर 8776 1361 5709 पुत्र श्री तेजभान निवासी मकान न0. 527/3, चौड़ा बाजार पानीपत, हरियाणा 132103**

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जात है कि प्रवीन बरेजा पत्नी आधार नम्बर 8776 1361 5709 पुत्र श्री तेजभान निवासी मकान न0. 527/3, चौड़ा बाजार पानीपत, हरियाणा-132103 ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के माता श्रीमती कृष्णावंती पत्नी श्री तेजभान की मृत्यु दिनांक 30.03.2019 को हो चुकी है। मृतक को पिता तेजभान की मृत्य काफी समय पहले हो चुकी है। कृष्णावंती पत्नी श्री तेजभान की मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। 1. प्रवीन बरेजा-पुत्र, नगर निगम पार्षद नवल जिंदल, वार्ड न०. 09, पानीपत, राजीव नम्बरदार तथा रवि हल्का पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

1. प्रवीन-पुत्र कुल 01 वारिस है। इनके इलावा उक्त मृतकों का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है।

इनके इलावा मृतक कृष्णावंती पत्नी श्री तेजभान का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 24.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

### ध्वनि यंत्रों के प्रयोग की आज्ञा लेनी होगी

**पानीपत।** उप मंडलाधीश मनदीप कुमार ने किसी भी सार्वजनिक व निजी समारोह में ध्वनि यंत्रो के प्रयोग हेतू आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार किसी भी सार्वजनिक व निजी स्थान पर लाउडस्पीकर/पीएएस सिस्टम का प्रयोग सक्षम अधिकारी एसडीएम अनुमति प्राप्त किए बिना नहीं किया जाएगा तथा अनुमति में लगाई गई शर्तों की पालना करनी होगी।

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय और नगराधीश टीनू पोसवाल ने लोगों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर उनका समाधान करें।

**कार्यक्रम** आर्य कॉलेज में स्तन व सरवाइकल कैंसर जागरूकता के विषय पर सेमिनार

# रोगों से बचाव को स्वच्छ जीवनशैली व संतुलित आहार अपनाएं : डॉ. सेन

शरीर में होने वाले किसी भी असामान्य परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में शुक्रवार को वुमन डेवलपमेंट सेल एवं लीनेस यूथ विंग, पानीपत क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्तन एवं सरवाइकल कैंसर जागरूकता विषय पर ओजस्विनी नामक सेमिनार हुआ। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रमुख लपरोस्कोपिक सर्जन डॉ. शुभांजलि सेन कहा कि भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में स्तन एवं सरवाइकल कैंसर प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि यदि कैंसर के शुरुआती लक्षणों को पहचानकर समय पर इलाज किया जाए तो इसे पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सकता है। महिलाओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए और शरीर में होने वाले किसी भी असामान्य परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभांजलि सेन को स्मृति चिंह भेंट करती उप प्राचार्या डॉ. अनुराधा सिंह।

**प्रैक्टिकल जानकारी दी**

संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छ जीवनशैली अपनाकर इन बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। डॉ. सेन ने स्व-जांच की विधि को भी सरल भाषा में समझाया और छात्राओं को इसकी प्रैक्टिकल जानकारी दी। अंत में छात्राओं को नियमित स्व-परीक्षण करने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह एवं वुमन डेवलपमेंट सेल की इंचार्ज डॉ. मीनल आदि उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### पोषण माह के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन

**नारायणगढ़।** पोषण माह के अवसर पर महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत चल रही गतिविधियों में राजकीय महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर छात्राओं के लिए एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र ढींगरा ने की। उन्होंने मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित विमल एवं उनकी टीम के सदस्य सुरेंद्र कुमार का स्वागत किया।

### डेरा में जागरुकता कैंप आयोजित

**नारायणगढ़।** सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत गांव डेरा में आयोजित जागरूकता कैंप में मत्स्य पालन विभाग के फील्ड असिस्टेंट गुरपाल सिंह ने किसानों को मत्स्य पालन से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्रदान की। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के साथ-साथ मत्स्य पालन से अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है। उन्होने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

### 'दोस्त पुलिस' कार्यक्रम में छात्रों को दी जानकारी

**अंबाला।** पुलिस को सिर्फ अपराधियों का दुश्मन नहीं, बल्कि आम नागरिकों का दोस्त भी समझा जाए। इसी सोच के साथ वीरवार को अंबाला कैंट थाना में 'दोस्त पुलिस' कार्यक्रम का आयोजन किया। दोस्त की भूमिका में मौजूद पुलिसकर्मियों ने एसडी कन्या स्कूल की 55 छात्राओं को पुलिस की भूमिका की जानकारी दी। अंबाला कैंट थाना के कार्यवाहक प्रभारी अनिल कुमार ने छात्रों को बताया कि कैसे थाने में आकर सबसे पहले मुंशी कक्ष में जाकर शिकायत दर्ज करवाई जाती है।

### खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**अंबाला।** राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ ओपन कैटेगरी पुरुष व महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। पहले दिन स्वीमिंग व जिम्नास्टिक खेल की प्रतियोगिता करवाई गईं। यह प्रतियोगिता 26 सितंबर तक कराईं जाएंगी। खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का शुभारंभ आईजी अंबाला मंडल पंकज नैन ने किया। खेल महाकुंभ में 22 जिलों से टीमों के 1100 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव रामकली में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रामकली निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पडोसी रमेश से कहासुनी हो गई थी।

### कैथलः मारपीट में दो व्यक्ति घायल, केस

**कैथल।** कस्बा कलायत में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव ढूंढवा के संजू ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 अगस्त को जब महिला कॉलेज कलायत के सामने से गुजर रहा था तो राहुल, रविंद्र, अनिल व दो अन्य युवकों ने मिलकर ईंटों से हमला करते उसे घायल कर दिया।

---

विज बोले, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए सिद्धांतों पर चलते हुए केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार कर रही गरीबों का उत्थान

# दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ एप के जरिए पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन

पंडित दीनदयाल एक महान विचारक और अर्थ शास्त्री थे

*अन्त्योदय के मूलमंत्र के अनुरूप प्रदेश व केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े योग्य पात्र व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं, ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नवरात्रों के शुभ अवसर पर महिलाओं को और सशक्त करने की दिशा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया गया है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य सरकार की ओर से वीरवार को दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ हो गया। इस सिलसिले में जिले में जिला व ब्लॉक स्तर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आयोजित कार्यक्रम में हिस्सेदारी की। यहां अपने संबोधन में विज ने कहा कि भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए गए सिद्धांतों पर चलते हुए केंद्र व प्रदेश में गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं और पंक्ति में खड़े अंतिम योग्य व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे पहले यहां पहुंचने पर विज व राज्यसभा सांसद का सिविल सर्जन डॉ राकेश सहल, पीएमओ डॉ. पूजा व अन्य ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। विज ने कहा कि पंडित दीनदयाल एक महान विचार व अर्थ शास्त्री थे तथा देश को उन्नति के लिए उन्होंने मूलमंत्र भी दिए हैं। अन्त्योदय के मूलमंत्र के अनुरूप प्रदेश व केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े योग्य पात्र व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नवरात्रों के शुभ अवसर पर महिलाओं को और सशक्त करने की दिशा में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया गया हैं। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रदेश में प्रथम चरण में लगभग 30 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा।



अंबाला। लाड़ो योजना के शुभारंभ पर महिलाओं व अन्य को संबोधित करते मंत्री अनिल विज।

### बेटियों को मिलेगा सामाजिक-आर्थिक सम्मान

**अंबाला।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती व दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की सभी को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के द्वारा आज माताओ, बहनो और बेटियों के सामाजिक एवं आर्थिक सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की है। राणा वीरवार को लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर अंबाला शहर के जिला नागरिक अस्पताल में आयोजित स्तरीय कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस दौरान उनके साथ विशिष्ट अतिथि विधानसभा संयोजक रितेश गोयल व एसडीएम दर्शन कुमार भी मौजूद रहें। स्वास्थ्य विभाग से पीएमओ रेनु बेरी व अन्य संबंधित ने उनका यहा पंहुचने पर पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक अभिनंदन किया। इससे पहले पंचकूला से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ किया गया। राणा ने कहा कि यह बडा ही गर्व का विषय है कि हम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती मना रहे हैं। उनकी जयंती के शुभ अवसर पर महिलाओं को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना एप का शुभारम्भ किया गया है। इसके साथ-साथ विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास भी शामिल है। उन्होंने कहा यह योजना हमारी बेटियों व महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा व आत्मनिर्भरता की नई राह प्रदान करेगी।



अंबाला। पात्र महिला को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष मनदीप राणा व अन्य।

### विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ

मुख्यंमत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें अंबाला से खानपुर ब्राहम्णा, पिलखनी, उगाला, तलहेडी रांगडान, मुलाना, जफरपुर, नन्हेड़ा, जटवाड़, कोडवा खुर्द, संतोखी में उप स्वास्थ्य केंद्रों व ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट शहजादपुर का शिलान्यास शामिल है। ओंकार सेवा वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से बेटी बचाओ बेटी पढाओ के तहत 108 नवजात शिशुओं के अभिभावकों को बधाई किट व टीबी के मरीजों को निक्षय मित्र कार्यक्रम के तहत 130 निक्षय पोषण किट वितरित किए।



अंबाला। राज्यसभा सांसद लोगों को संबोधित करते।

### हर वर्ग का कल्याण कर रही सरकार

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने यह भी कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं। महिलाओं के उत्थान के लिए भी योजनाएं लागू की गई है जिनमें ड्रोन दीदी योजना, लखपति दीदी योजना, उज्जवला योजना, जमीन संबधी रजिस्ट्री में महिलाओं को छूट के साथ-साथ चुनाव में 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देना व अन्य शामिल हैं। आज दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना भी इसमें शामिल है, निसंदेह इस योजना से महिलाओं को मजबूती मिलेगी।

### लाडो लक्ष्मी योजना की पात्रता

इस योजना के तहत लाभ के लिए 23 वर्ष से 60 साल तक की महिला पात्र हैं। महिला के परिवार की सत्यापित वार्षिक आय एक लाख रूपए से अधिक न हो। वह स्वयं या उसके पति (यदि वह दूसरे राज्य से हरियाणा में विवाहित हुई है) आवेदन के समय पिछले 15 वर्षों से हरियाणा के वासी हो। एक परिवार में कितनी भी पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। यदि कोई महिला पहले से ही कुछ सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त कर रही है तो वह इस योजना के लिए पात्र नहीं होगी।

**▶▶ योजना के लाभ के लिए जरूरी हैं दस्तावेज**

हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, आधार आईडी (स्वयं और सभी परिवार के सदस्यों की), यदि विवाहित हैं, तो ससुराल पक्ष के सभी सदस्यों की आधार आईडी, बिजली कनेक्शन नंबर, एचकेआरएनएल रजिस्ट्रेशन नंबर अगर कोई निगम में सेवा में है। महिला/परिवार के सदस्यों के के नाम पर रजिस्टर वाहनों का विवरण, महिला के नाम पर रजिस्टर बैंक खाता होना जरूरी है।

### पात्र महिलाओं का हुआ रजिस्ट्रेशन

नारायणगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को पंचकुला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। यहां आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर एसडीएम शिवजीत भारती ने फूलों का गुलदस्ता देकर डॉ. पवन सैनी का स्वागत किया। दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के एप के शुभारंभ के उपरांत यहां पर एक पात्र महिला ममता ढींगरा का पंजीकरण एप के माध्यम से पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी द्वारा करवाया गया। पंजीकरण होने पर ममता ढींगरा ने यह योजना शुरू करने के लिए सीएम नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया। उपस्थित महिलाओं एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता और क्रीडा विभाग के अधिकारी/कर्मचारी इस योजना के बारे में अधिक से अधिक पात्र महिलाओं का पंजीकरण करवाएं।

---

तीन कर्मचारियों पर गिर चुकी गाज

# फरार चोरी के आरोपी का नहीं लगा सुराग

■ आरोपी लालडू रेलवे स्टेशन के नजदीक से भाग गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आरपीएफ की गिरफ्त से भागे चोरी के आरोपी का अभी तक सुराग नहीं लग पाया है। आरपीएफ की टीम ने उच्चाधिकारियों को भी समय पर इस मामले की जानकारी नहीं दी। इसी वजह से आरोपी को पकड़ने के लिए न तो अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजी जा सकी और न ही अन्य कोई प्रबंध हो पाए। जबकि आरोपी लालडू रेलवे स्टेशन के नजदीक से भाग गया था। अब इस मामले में आरपीएफ के आग्रह पर रेलवे कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हैं। इस मामले के लिए आरपीएफ की तीन टीमों का गठन किया गया है। इस मामले में लापरवाही बरतने पर उच्चाधिकारियों ने तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है, इसमें एक उप निरीक्षक सहित दो सिपाही शामिल हैं। यह कार्रवाई अंबाला रेल मंडल में तैनात आरपीएफ के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त अरुण त्रिपाठी के निर्देश पर हुई।

# श्रमिकों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

कोविड़ के बाद पहली बार हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड की ओर से श्रमिकों के लिए करवाई गई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा अंबाला छावनी के वार हीरोज स्टेडियम में राज्य स्तरीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रम मंत्री अनिल विज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए विजेता खिलाडिय़ों को ट्राफी भेंट कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इससे पहले श्रम मंत्री का यहां पहुंचने पर श्रम विभाग के आयुक्त मनीराम शर्मा व अन्य अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य अभिनंदन किया। विज ने इस मौके पर हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा यहां पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के लिए विभाग को बधाई दी और कहा कि इससे खेल में रूचि रखने वाले खिलाडिय़ों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आगे बढने का बेहतर अवसर मिलता है। उन्होंने इस मौके पर खिलाडिय़ों से मिलते हुए उन्हें जीवन में आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित भी किया। गौरतलब है कि श्रमिकों के उत्थान के लिए श्रम विभाग द्वारा खेल जगत में रूचि रखने वाले खिलाडियों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया जाता है। श्रम कल्याण विभाग ऐसी प्रतियोगिताएं हर वर्ष करवाता है। खेलों में भाग लेने से खिलाड़ी मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत भी बनते हैं।



अंबाला। कुश्ती प्रतियोगिता में दम दिखाते श्रमिक।

### रस्सा-कस्सी, कब्बडी, दौड़, लोंग जंप होंगे

इस अवसर पर श्रम विभाग के कमीशनर मनीराम शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि संगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के लिए श्रमिक कल्याण बोर्ड गठित किया हुआ है। श्रमिक कल्याण बोर्ड वर्ष 2006-07 से निरंतरता में खेल प्रतियोगिताएं करवा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में कोविड आने के चलते खेल प्रतियोगिताएं नहीं हो सकी थी। अब यहां पर 6 वर्ष के बाद राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का दोबारा से आयोजन करवाया गया है। इन प्रतियोगिताओं में रस्सा-कस्सी, कब्बडी, दौड़, लोंग जंप व अन्य शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए लगभग 22 योजनाएं क्रियान्वित की हुई हैं। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन करने का प्रावधान है और प्रार्थियों को योजना का लाभ भी सीधा उनके खाते में किया जाता है। उन्होंने योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि श्रमिक के परिवार में यदि किसी लडकी की शादी है कि उसके लिए 51000 रूपए, सिलाई व साईकल खरीदने के लिए अनुदान के साथ-साथ यदि किसी पंजीकृत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो उसे 5 लाख रूपए, विकलांग होने पर 2 से 3 लाख रूपए दिए जाने का प्रावधान है। इसके साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ भी सुगमता से लिया जा सकता है।

# लोंग बाजार में छात्रों का सजा स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

■ शिक्षकों ने जमकर की तारीफ

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के वन डे लोंग बाजार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ज्वाइंट डायरेक्टर विशाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. रेणु ऋषि व कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देशराज बाजवा ने किया। इस बाजार में विभिन्न कॉलेजों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने अपने बनाए उत्पादों का प्रदर्शन किया। उत्पादों में वेस्ट मटेरियल व जूट से ज्वेलरी और डेकोरेशन मटेरियल बनाया गया। साथ ही इंटर कॉलेज पोस्टर मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 छात्रों ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने ने बताया कि वन डे लोंग बाजार का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करना था। इस तरह के आयोजनों से छात्रों में नवाचार और सृजन की भावना को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किए। प्रिंसिपल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रतिभागियों, अतिथि व कॉलेज स्टाफ को धन्यवाद किया।




अंबाला। मुख्यअतिथि का अभिनंदन करते कॉलेज प्राचार्य बाजवा।

### स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा 2 नशा तस्कर काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना तितरम क्षेत्र से 2 आरोपियों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 163 किलो 755 ग्राम डोडा पोस्त बरामद करके नशा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक जब्त कर ली गई। प्रेस वार्ता दौरान जानकारी देते हुए एसपी उपासना ने बताया की स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई संदीप कुमार, एचसी देवेंद्र सिंह व सिपाही कुलदीप कुमार की टीम 24 सितंबर को सांयकालीन गश्त गांव नरड़ एनएच-152 पुल के नीचे मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि एनएच-152 हिसार चंडीगढ़ रोड़ गांव नरड़ पर निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक बंद बॉडी कंटेनर खडा हैं।

# ओंकार के प्रति जागना सुमिरन है : सिद्धार्थ औलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

समर्थगुरु धाम मुरथल में आयोजित समर्थगुरु संसद के समापन कार्यक्रम में समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने 2025 - 2026 हेतु आचार्य दर्शन को समर्थगुरु धारा के केन्द्रीय संयोजक की जिम्मेदारी दी है। आचार्य कुंज बिहारी जी को समर्थगुरु धारा हिमाचल में संयोजक का कार्यभार दिया है। जम्मू कश्मीर के लिए आचार्य शिवम, हरियाणा के लिए आचार्य सुभाष, पंजाब के लिए आचार्य डा.मुनीश, गुजरात के लिए आचार्य कार्तिकेय, दिल्ली के लिए आचार्य एकान्ता मां, अंतराष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के लिए आचार्य अमरेश झा, मध्यप्रदेश के लिए सीमा तिवारी, छत्तीसगढ़ के लिए आचार्य संतोष चंद्रा, बिहार के लिए आचार्य डॉ.प्रभात और मीडिया के प्रसार हेतु संदीप नैन को कार्यभार दिया है।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

वूमेन एंपावरमेंट के लिए राष्ट्रीय संयोजक डा. रचना और डा. अनिता मिश्रा को वूमेन एंपावरमेंट हिमाचल का संयोजक बनाया गया है। इस दौरान समर्थगुरू जी का जन्म दिन देश विदेश से आए साधकों ने बड़े उमंग, उल्लास और धूमधाम से उत्सव के रूप में मनाया। आचार्य एकान्ता मां ने स्टेज का सुंदर संचालन किया। आचार्य डॉ. शिवम शर्मा और स्वामी अजय के निर्देशन में जम्मू और कश्मीर की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया ने ट्विटर के माध्यम से बताया कि बहिर्जगत के प्रति जागना एकाग्रता है, अंतर्जगत के प्रति जागना द्रष्टा है और निराकार के प्रति जागना ध्यान है। इसी तरह ओंकार के प्रति जागना सुमिरन है, जबकि अंतराकाश के प्रति जागना समाधि है।

---

### कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में चलाया सफाई अभियान

**कुरुक्षेत्र।** कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, कुरुक्षेत्र द्वारा विशेष अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा 2025 एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आर. ऋषि ने विशेष रूप मे भाग लिया। डॉ. आर. ऋषि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को उद्धृत करते हुए समाज में इनके विचारों को अपनाने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से स्टाफ और स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए केन्द्र के शिक्षा अधिकारी जीतेन्द्र कुमार दास ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली होनी चाहिए। केंद्र में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रकार की सफाई, जागरूकता रैलियां और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियां संपन्न हुईं। वीरवार को कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं साइंस सेंटर के पार्किंग क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

नप हटवा रहा त्योहारी सीजन से पहले अवैध कब्जे

# बस स्टैंड व ढाबों के आसपास अतिक्रमण पर चला पीजा पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

■ दुकानदारों के साथ रेहड़ी फड़ी वालों में अतिक्रमण हटाए जाने का लेकर मची भगदड़

अंबाला छावनी में वीरवार को नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानदार व रेहड़ी फड़ी वालों में भगदड़ मची रही। बस स्टैंड के आसपास फैले अवैध कब्जों को हटाने के लिए परिषद की टीम सुबह से ही सक्रिय हो गई। इस दौरान कई जगहों पर जेसीबी की मदद से पक्के और अस्थायी ढांचे ढहाए गए। कार्रवाई के चलते दुकानदारों में हड़कंप मच गया और लोग अपने सामान समेटते दिखाई दिए। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से इस इलाके में कई बार अतिक्रमण से दिक्कत हो रहीं थीं। दुकानदारों ने निर्धारित सीमा से बाहर आकर शेड और टीन शेड डाल रखे थे, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था।



अंबाला। अतिक्रमण हटाते नगर परिषद कर्मचारी कर्मचारी।

**फुटपाथ पर भी कब्जा किया गया था**

कई जगह फुटपाथ पर भी कब्जा किया गया था। परिषद की ओर से पहले ही नोटिस और चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन जब लोगों ने स्वेच्छा से कब्जा नहीं हटाया तो मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ी। नगर परिषद की टीम ने सबसे पहले ढाबों पर कार्रवाई की है। यहां कई दुकानों के सामने रखे गए गुमटी, रेहड़ी और अवैध ढांचे को हटाया गया। टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति न बने।

### दुकानदारों ने विरोध करने की कोशिश की

कई जगहों पर दुकानदारों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। परिषद कर्मियों ने जेसीबी से कब्जे हटाते समय आसपास की भीड़ को भी लगातार चेतावनी दी कि किसी प्रकार का व्यवधान न डालें। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने परिषद पर आरोप लगाया कि उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया। जबकि अधिकारियों का कहना है कि कई बार चेतावनी जारी की जा चुकी है। हालांकि दूसरी ओर प्रभावित दुकानदारों ने इस कार्रवाई पर असंतोष जताया। उनका कहना है कि रोजी-रोटी चलाने के लिए उन्होंने दुकान के आगे थोड़ी जगह का इस्तेमाल किया था। अचानक ढांचा गिराने से उनका बड़ा नुकसान हो गया। कई रेहड़ी-फड़ी वालों ने कहा कि उन्हें वैकल्पिक स्थान मुहैया नहीं कराया गया, जिससे उनका रोजगार छिन जाएगा। अधिकारियों ने साफ कहा है कि अतिक्रमण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले ही कई बार समझाइश दी गई थी, अब आगे भी अगर किसी ने सार्वजनिक स्थान पर कब्जा किया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परिषद ने अपील की है कि दुकानदार और व्यापारी खुद अपने स्तर पर सीमाओं के अंदर व्यापार करें, ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। आगे भी शहर के अन्य हिस्सों में भी यह अभियान जारी रहेगा।